रजिस्टर्ड

राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ.4 (ई) (88/2011)/अलेसे–III/ 10303-10319 दिनांक :– 20/11/2013

**आदेश संख्या 317/ 2013–14**

विभागीय आदेश संख्या 66/2013–14 दिनांक 23.05.2013 में क्रम संख्या 7 पर अंकित श्री प्रभूदयाल मीणा चयनित कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट संख्या 88/2011) पुत्र श्री मन्नालाल मीणा को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति दी जाकर उप कोषालय अन्ता (बारां) में पदस्थापित किया गया था, निर्धारित अवधि में कार्यग्रहण नहीं करने पर विभागीय पत्र क्रमशः क्रमांक 8244–45 दिनांक 02.08.2013 एवं 9073 दिनांक 17.09.2013 द्वारा कार्यग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त भी श्री मीणा द्वारा कार्यग्रहण नहीं करने पर विभागीय पत्र क्रमांक 9960–61 दिनांक 14.10.2013 द्वारा दिनांक 28.10.2013 तक अवधि बढ़ाये जाने पर दिनांक 29.10.2013 तक कार्यग्रहण करने हेतु अवसर प्रदान किया गया। श्री प्रभूदयाल मीणा द्वारा आदिनांक तक पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण नहीं किया गया है।

निर्धारित अवधि में कार्यग्रहण नहीं करने के कारण विभाग के आदेश संख्या 66/2013–14 दिनांक 23.5.2013 में क्रम संख्या 7 पर अंकित श्री प्रभूदयाल मीणा (मेरिट संख्या 88/2011) का जारी नियुक्ति आदेश एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांक :– एफ.4 (ई) (88/2011)/अलेसे–III/ 10304-10313 दिनांक :– 20/11/2013
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

1. शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. उपकोषाधिकारी, अन्ता, बारां विभागीय आदेश संख्या 66/2013–14 दिनांक 23.5.2013 के क्रम में।
4. श्री प्रभूदयाल मीणा पुत्र श्री मन्नालाल मीणा, ए–510, जेडीए कॉलोनी, जयपुर पिन कोड–302017 ।
5. उप निदेशक (एसीपी) को कम्प्यूटर पर अपलोड करने एवं पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
6. निजी सहायक, निदेशक महोदया।
7. गोपनीय शाखा।
8. रक्षित/निजी पत्रावली।